हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 दिसंबर 2025

04 आरडी संस्थान में पूर्व छात्र मिलन समारोह संपन्न
07 सोहागपुर-इंदौर विजेता, माखननगर उपविजेता...







## खबर संक्षेप

### वीर बालक दिवस मनाया



**पिपरिया।** आर,एन, ए विद्यालय एवं सांदीपनी विद्यालय में वीर बालक दिवस मनाया गया। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वाबलंबन अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाओ का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर वीर बालक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में तुलसी राम रघुवंशी] गिरधरमल ने विद्यार्थियों को स्वदेशी अप नाओ स्वाबलंबन अभियान के अंतर्गत जानकारी दी गई।मेघा वर्मा ने वीर बालक दिवस पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए भगवान दास अग्रवाल, महेंद्र सिंह बाद किशनटावरी, प्राचार्य संजीव दुबे , सहित अन्य सभी शामिल हुए शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहे।

### 2 जिला बदर, 1 को थाना हाजिरी के आदेश जारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना द्वारा जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1950 के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत कुल 3 प्रकरणों में आदेश पारित किए गए हैं। इनमें से 2 प्रकरण में आरोपी को 1 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है, जबकि 1 प्रकरण में आरोपी को संबंधित थानों में नियमित रूप से थाना हाजिरी देने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार निक्की उर्फ रामसागर आ. मूलचंद राजवंशी उम्र 30 वर्ष निवासी बालाजी मंदिर के पास इटारसी जिला नर्मदापुरम को 1 वर्ष की अवधि हेतु जिला बदर किए जाने के आदेश पारित किए है। अजय कातिया आ. कैलाश कातिया उम्र 24 वर्ष निवासी पत्ती बाजार इटारसी जिला नर्मदापुरम को भी 1 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार राजाराम गुर्जर पिता रूस्तम गुर्जर उम्र 42 वर्ष निवासी कन्हवार, थाना पिपरिया, जिला नर्मदापुरम को 3 माह तक प्रति मंगलवार संबंधित थाने मे उपस्थित होकर थाना हाजिरी हेतु आदेशित किया गया है।

### 'मन की बात' कार्यक्रम को बूथ तक पहुंचाएगी भाजपा

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी जिला नर्मदापुरम द्वारा रविवार को देश के यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को संगठनात्मक रूप से व्यापक स्तर पर सुनने का भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने आह्वान किया है। मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी प्रशांत दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 11 बजे प्रसारित होगा, जिसे जिले की सभी विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मंडल के हर बूथ पर सामूहिक रूप से सुना जाएगा।

### खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट कर राष्ट्र का नाम रोशन करने किया प्रेरित

# तनाव भरे जीवन से बाहर निकलने के लिए बनें खेल का हिस्सा : एसपी

जीवन में खेल का महत्व क्या होता है, यह खिलाड़ियों को नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक ने हॉकी टर्फ ग्राउंड पहुंचकर बताया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट कर राष्ट्र का नाम रोशन करने प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारत की संस्कृति में प्रकृति, पर्यावरण व खेल को बहुत महत्व दिया गया है। इनका सीधा सरोकार संस्कार से होता है। खेल हमें संवेदनशील बनाते हैं। वर्तमान में हमारी जीवनशैली पर अगर गौर करें तो हम आलस्य भरे जीवन में जी रहे हैं, जिसमें मानसिक तनाव जीवन का अहम हिस्सा बन गया है, लेकिन खेल हमारे जीवन में बदलाव लाता है। पुलिस अधीक्षक ने हॉकी टर्फ मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर एसपी सांई कृष्ण एस. थोटा ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक थोटा ने कहा कि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतिभा बन सकते हैं। उन्होंने खेल सुविधाओं का अवलोकन करते हुए हॉकी का रोमांचक मुकाबला भी देखा, जिसमें हॉकी फीडर सेंटर नर्मदापुरम एवं हॉकी फीडर सेंटर इटारसी की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम की टीम विजेता रही, जबकि इटारसी की टीम उपविजेता रही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कबड्डी खिलाड़ियों का भी कौशल देखा और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने खेल विभाग के प्रशिक्षकों एवं समन्वयकों से परिचय प्राप्त कर उनकी योग्यताओं की जानकारी ली। साथ ही जिला खेल अधिकारी उमा पटेल से विभाग की वर्तमान एवं आगामी खेल योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

पुलिस अधीक्षक के मैदान पर पहुंचने से खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने इसे प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर इटारसी गांधी स्टेडियम हॉकी फीडर सेंटर के प्रशिक्षक दीप सिंह, हॉकी कोच ग्रेड-वन जय सिंह भदोरिया, हैंडबॉल कोच ऑस्कर मोजिस, कराते कोच रोशनी सोनकर, कबड्डी कोच पवन जाट सहित समन्वयक महेंद्र पचलानिया, आरती शर्मा, देवेंद्र उरहा, चंदा मिश्रा, प्रीतम पुर्विया, नारायण बावरिया, सुषमा अहिरवार एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक को यह भी अवगत कराया गया कि नर्मदापुरम में खेलो एमपी अंतर्गत चेस एवं ताइक्वांडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है। पुलिस अधीक्षक थोटा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहतर ढंग से किया जाएगा, ताकि नर्मदापुरम का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हो सके।

# सर्द हवाओं ने कंपकंपाया, दिन और रात के तापमान में कमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल की शुरूआत से पहले नर्मदापुरम सहित जिले में ठिठुरन का असर तेज हो गया है। शनिवार सुबह ठंडी हवाओं के कारण मौसम शुष्क रहा। सुबह से लेकर शाम तक तेज सर्दी रही।

दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की है। बर्फीली हवाओं के कारण नर्मदापुरम में रात के तापमान में 1.1 डिग्री की कमी आई और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री पर जाकर ठहरा। वहीं दिन के तापमान में भी 1.8 डिग्री की कमी दर्ज हुई और अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री रहा।

### पचमढ़ी में दिन तापमान 3.2 डिग्री गिरा

प्रदेश के एक मात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा पहले ही 4 से 5 डिग्री के इर्दगिर्द दर्ज हो रहा था। तापमान में 3.2 डिग्री की कमी आई और पारा 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 4.8 दर्ज हुआ।

### छाई कोहरे की घनी धुंध

मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी इन दिनों पर्यटकों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। कड़ाके की ठंड के बीच यहां कुदरत का एक अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। सुबह के समय छाई कोहरे की घनी धुंध को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो बादल खुद जमीन पर उतर आए हों। पहाड़ों की चोटियों को चूमते ये बादल और चारों ओर फैली हरियाली पचमढ़ी की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। कम तापमान और इस दिलकश नजारे का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। ठंड के इस मौसम में पचमढ़ी की ये वादियां घूमने के लिए सबसे मुफीद साबित हो रही हैं।

# शिक्षक पहले बच्चे की मनोदशा को समझें

### समेरिटन्स विद्यालय में क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सीबीएसई के क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत शनिवार को समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन सुरभि भंडारी, पल्लवी पारे चौकसे ने शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को पहले बच्चों को मनोदशा को समझना चाहिए, इसके बाद उन्हें शिक्षा देने का काम करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय या कक्षा के सभी विद्यार्थी अलग अलग पृष्ठभूमि, वातावरण और परिस्थितियों से आते हैं। कई बार उनकी वास्तविक परिस्थिति को समझे बिना या जानकारी के अभाव में हम बच्चों को दंडित कर देते हैं। यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चे द्वारा होमवर्क नहींकरने या किसी भी प्रकार की शरारत करने पर हमें पहले उसकी परिस्थिति को समझने का प्रयास करना। चाहिए कि आखिर बच्चा ऐसा क्यों कर रहा है। उसके बाद उसकी समस्या का निकाराकण कारण चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चों को कभी भी किसी के सामने डांट फटकार नहीं लगानी चाहिए इससे कई बार बच्चा हीन भावना का शिकार हो जाता है। उसे डांटने की बजाय उसकी परेशानी की समझकर उसे समझाना चाहिए तभी इसमें सुधार संभव है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान कई गतिविधियां भी कराई गईं। आरम्भ ने विद्यालय की प्राचार्य प्रेरणा रावत ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया।

### कॉलेज में आयोजित किया प्रशिक्षण

**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में ब्यूटीशियन कंम्प्युटर ऑपरेटर कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। 25दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पूजन करते की।

### आज जिले का दौरे पर रहेंगे प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार



**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार आज जिले के दौरे पर रहेंगे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी ने बताया कि पाटीदार का जिले के विभिन्न ग्रामों, नगरों एवं प्रमुख स्थलों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। वह संगठनात्मक गतिविधियों को गति देंगे।

# सरकारी जमीन पर लगे हैंडपंप पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विकास कैसे होगा जब सरकारी जमीन पर लगे हैडपंप पर ही कब्जा कर मकान तान दिया हो। ऐसा ही एक मामला पिपरिया के नेहरू वार्ड पिपरिया के पूर्व विधायक की गली में देखने को मिल रहा है। जबकि इस स्थान पर कपड़े की दुकान से लेकर अन्य दुकाने भी शामिल है। इसके बाद भी अतिक्रमण हटाने पर जोर नही दिया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो वर्तमान में शिव मंदिर के गुम्बद पर कब्जा किया जा रहा था। लेकिन आसपास के लोगों ने बचाया,लेकिन नेहरू बार्ड में अतिक्रमणकारियों की चपेट में आ रहा है। लोगों ने मुख्य मार्ग पर दीवार खड़ी कर दी गई है। पार्षद के परिवार जनों ने मकान दुकान बनाने का काम किया गया है। जिसमें सरकारी जमीन पर सरकारी हैंडपंप लगाया गया था। लेकिन अभी वर्तमान में उस हैंडपंप पर कब्जा किया हुआ है। मकान दुकान बनाने संबंधित जानकारी नहीं दी गई है। इस विषय में पार्षद गुलाब रत्ना केवट से बात नहीं है सकी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर पी नायक ने बताया कि उन्हें अभी जानकारी नहीं थी। लेकिन अब शीघ्र ही इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# श्री ज्ञानरत्न अकादमी में 3 दिवसीय क्रीड़ा उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



श्री ज्ञानरत्न अकादमी में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय क्रीड़ा उत्सव के भव्य आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के आगमन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से की गई, जिसे मुख्य अतिथि के साथ शाला प्रबंधक राजेंद्र जैन एवं प्रतिभा जैन ने संपन्न किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। तत्पश्चात मशाल प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ खेल उत्सव का औपचारिक उद्घाटन हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित परेड ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद बच्चों की मनमोहक गायन एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई, जिनमें शतरंज (चेस), वॉलीबॉल, खो-खो सहित अन्य खेल शामिल रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने अपने संबोधन में बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सजग रहने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### भगवान की प्राप्ति का सहज साधन है श्रीमद् भागवत




**नर्मदापुरम।** ईशान परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह में तृतीय दिन आचार्य पुष्कर परसाई ने द्वितीय स्कन्द पर प्रकाश डालते हुए कहा श्रीमद् भागवत पितरों के कल्याण का उत्तम साधन है सतयुग में त्रेता में द्वापर में हजारों वर्ष तपस्या करने से बड़े-बड़े यज्ञ करने से योग साधना करने से जिस फल की प्राप्ति होती थी वह इस कलिकाल में केवल श्रीमद् भागवत की कथा श्रवण मात्र करने से प्राप्त हो जाती है जिस स्थान पर कथा का आयोजन होता है वहां पितर आकर के कथा का श्रवण पान करते हैं एवं बहुत सी अदृश्य शक्तियां भी उपस्थित होकर के कथा का श्रवण पान करती हैं श्रीमद्भागवत कथा मन निर्मल करने का सर्वोत्तम उपाय है क्योंकि प्रभु की प्राप्ति निर्मल मन वाले जीवों को शीघ्र हो जाती है ।भगवान सहज सरल जिसके हृदय में छल कपट नहीं है ऐसे जीव को सरलता से प्राप्त हो जाते हैं। इसके आचार्य श्री ने कहा कि मन को स्थिर करने के चार उपाय है पहला आसन को जीते- क्योंकि आसन सिद्धि ही प्रभू प्राप्त करवाती है दूसरा उपाय बताया शवास को जीते,प्रति दिन प्राणायाम के माध्यम से श्वास पर नियंत्रण करे क्योंकि हमें आयु वर्ष से नहीं श्वास से प्राप्त होती है हम श्वास जितना नियंत्रण करेंगे उतनी आयु वृद्धि होगी पहले हमारे ऋषि मुनि हजारो वर्ष इसलिए ही जीते थे की उन्होंने अपनी श्वास पर नियंत्रण था।

# स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का नगर आगमन पर स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आगमन शनिवार सुबह सेमरी हरचंद नगर में हुआ जहां स्वदेशी जागरण मंच, व्यापारी संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, द्वारा नगर के गांधी मार्केट में स्वागत कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। रथ में एलईडी स्क्रीन पर स्वदेशी संदेश मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कर विदेशी सामान के बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं लोकल फार वोकल हथकरघा, कुटीर उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के संदेश दिए जा रहे हैं।

यात्रा की शुरुआत नागपुर महाराष्ट्र से यात्रा का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के सपने को जन-जन तक पहुंचाने का है। इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, मंगेश महेश्वरी, ग्राम सरपंच चेतन मीना, स्वदेशी जागरण मंच के तहसील सहसंयोजक सुरेश कोरी, नगर संयोजक अजय राजपूत, योगेश मालवीय, व्यापारी संघ के नगर अध्यक्ष विवेक मालवीय, राजेंद्र सिंह राजपूत, बृजेश दुबे, सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### कड़ाके की ठंड के बावजूद सांस्कृतिक महाकुंभ का आनंद लेने पहुंचे दर्शक

# पचमढ़ी उत्सवः दूसरे दिन गणेश वंदना से हुई सांस्कृतिक संध्या की भव्य शुरुआत, सुर और ताल का अनुठा संगम देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पर्यटन नगरी पचमढ़ी में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय 'पचमढ़ी उत्सव' के दूसरे दिन सुर और ताल का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय और आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया।

### पर्यटकों का उमड़ा हुजूम

कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और देश-विदेश से आए पर्यटक इस सांस्कृतिक महाकुंभ का आनंद लेने पहुँचे। गणेश वंदना के पश्चात अन्य लोक नृत्यों और सुगम संगीत की प्रस्तुतियों ने भी समां बांधे रखा।





### प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव में सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि मध्य प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का प्रचार-प्रसार भी होता है।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
नर्मदापुरम् जिले में एजेन्सी देना है।
बनखेड़ी, पिपरिया, आंचलखेड़ा, डोलरिया, सिवली मालवा, केसला, ब्यावरा, तवा रिसर्व
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से किया जागरूक



**बैतूल।** सीएससी द्वारा संचालित वीजा सीएसआर परियोजना के अंतर्गत ग्राम नाहिया में ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सीएससी वीएलई दुर्गेश पंडागरे ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया कि किसी भी अनजान कॉल पर बैंक या अन्य संस्थाओं के नाम पर मांगा गया ओटीपी साझा न करें। साथ ही साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे डिजिटल अरेस्ट जैसे नए हथकंडों की जानकारी दी गई और इससे सतर्क रहने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण में श्री पंडाग्रे ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसका प्रभाव अब ग्रामीण अंचलों में भी देखने को मिल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए वीजा सीएसआर के सहयोग से सीएससी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर खतरों से सुरक्षित रखना और डिजिटल सेवाओं के प्रति उन्हें जागरूक बनाना है।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल द्वारा आज 28 दिसंबर को विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय, सदर में सुबह 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल एवं डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, सेवा निवृत्त प्राचार्य उच्च शिक्षा विभाग एवं पूर्व सचिव सर्व ब्राह्मण समाज बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। चिकित्सा शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. कैलाश वर्मा होंगे। शिविर में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. अशोक बारंगा, सेवा निवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संचालक लावन्या पैथालॉजी सेंटर एवं संरक्षक प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल, डॉ. श्याम सोनी, हृदय रोग विशेषज्ञ, संचालक सिम्स हॉस्पिटल बैतूल, डॉ. व्ही. एस. श्रीवास्तव, दंत चिकित्सक, डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. कृष्णा पाटणकर, संचालक गुरु कृपा हॉस्पिटल बडोरा, डॉ. ए. के. पाण्डे, नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. विनोद कुमार बर्डे, नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. एस. द्विवेदी, दंत चिकित्सक, डॉ. आनंद नरवरे, आयुर्वेद विशेषज्ञ, डॉ. संदीप परिहार, फिजियोथैरेपिस्ट तथा डॉ. श्रीमती कीर्ति साहू, त्वचा रोग विशेषज्ञ निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का शुभारंभ जिला पेंशन अधिकारी मीनाक्षी मधुसूदन डाहरे, डॉ. कृष्णा खासदेव, प्राचार्य विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय, संचालक एवं गणमान्य नागरिक निर्गुण देशमुख तथा विजय कुमार साबले की गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा प्रेरणा स्त्रोत एवं सचेतक चिकित्सा शिविर के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### अतिक्रमण के बाद अब बिजली के खंभे बने सड़क निर्माण में रोड़ा

# बिजली कंपनी ने पीडब्ल्यूडी को थमाया एक करोड़ 22 लाख रुपए का एस्टीमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में गाड़ाघाट से लिंक रोड तक बनाई जा रही 2.70 किमी सडक़ निर्माण में बिजली के खंभे अड़चन बन गये है। करीब 99 खंभे ऐसे है, जो पीडब्ल्यूडी की सडक़ के बगल में सोल्डर की जगह पर 53 साल पहले बिजली कंपनी ने लगवाए थे। लेकिन अब पीडब्ल्यूडी को खुद की जमीन पर लगे बिजली के खंभे हटवाने के लिए बिजली कंपनी ने लंबा-चौड़ा एस्टीमेट पकड़ा दिया है।

इस कारण पीडब्ल्यूडी ने इस भारी-भरकम एस्टीमेट को देखकर काम रुकवा दिया है। अब इसके लिए बजट का जुगाड़ करना होगा, इसके बाद ही सडक़ चौड़ीकरण का काम हो पाएगा। दरअसल शहर के गाड़ाघाट से लिंक रोड तक सडकों का विस्तार और चौड़ीकरण किया जा रहा है। बैतूल विधायक के प्रयासों से सबसे व्यस्ततम मार्ग कारगिल चौक से अखाड़ा चौक गाडाघाट होते हुए ओल्ड एनएच 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से 2.70 किमी सडक का निर्माण होना है। जिसके लिए विभाग ने चार माह पहले सडक़ की नपाई कर अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण के हटने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन अब बिजली के खंभे सडक़ निर्माण में रोड़ बन गये है।



#### 10 मीटर चौड़ी बनना है सड़क

अभी कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। सडक की चौड़ाई बढऩे से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सड़क से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा। लोग सीधे गंज रेलवे स्टेशन व कोठीबाजार बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सडक़ है, इसकी जगह पर करीब 7 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सडक़ बनाई जायेगी। इसमें बीच में कुछ हिस्सा डामर सडक़ का रहेगा।

#### अतिक्रमण हटने के बाद अब बिजली के खंभे बने रोड़ा

चार माह पहले विभाग ने सडक़ कई नपाई करके अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण को कुछ लोगों ने स्वतः ही तोड दिया, वहीं जो अतिक्रमण शेष रह गये थे, उसे विभाग द्वारा तोडक़र सडक़ क्लियर की गई। जिसके बाद काम तेजी से शुरू होने की उम्मीद लोगों को थी, लेकिन सडक़ किनारे वर्षो से लगे बिजली के खंभे अब रोड़ा बन गये है। बताया जा रहा है कि सडक़ चौड़ीकरण के लिए करीब 99 बिजली के खंभों को शिफ्ट करना होगा, जिसके लिए बिजली विभाग ने करीब 1 करोड़ 22 लाख का एस्टीमेट बनाकर विभाग को थमा दिया है। जिसके बाद अब विभाग बिजली खंभों को शिफ्ट कराने के प्रयासों में लगा हुआ है।

#### पांच वार्ड से गुजरती है सड़क

उल्लेखनीय है कि 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सड़क नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डो से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बड़ी संख्या में हॉस्पिटल, मेडिकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूवमेंट अधिक होने से अक्सर ट्रैफिक रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सड़क निर्माण परियोजना पूरी होने से यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और आवागमन सुलभ हो जाएगा।

#### जब निर्माण हुआ शुरू, तब आई खंभे हटाने की याद

सडक़ निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने दूरदर्शिता नहीं दिखाई है। अतिक्रमण हटवाते समय ही बिजली के खंभे शिफ्टिंग की प्लानिंग कर ली होती तो अब तक शिफ्ट करवाने का काम हो गया होता। लेकिन पोल शिफ्टिंग की शुरुआती कार्रवाई ही अब तक नहीं हुई है। जिसके परिणाम स्वरू लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सडक़ के अधूरे होने के कारण वाहन चालक परेशान है। सडक़ पर अधूरे काम और गढ़ाघाट में डामर उखाड़े जाने से वाहन चलाना तक मुश्किल हो रहा है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि पहले जो बिजली लाइनें बिछाई गई थी, ये उस समय की स्थिति के हिसाब से बिछाई थी। सडक़ के दोनों ओर सोल्डर की जमीनें हमारी ही हैं। अब इन पर लगे बिजली के खंभे हटवाने के लिए बिजली कंपनी ने एस्टीमेट दिया है। यह राशि जमा करवाएंगे, तब तक काम रुका रहेगा।

#### इनका कहना है

विद्युत अधिनियम 2023 के अनुसार प्राइवेट जमीन पर भी यदि बिजली का खंभा लगाया गया है तो उसे हटाने के लिए राशि देनी पड़ती है। ये खंभे यदि लंबे समय से लगे हैं तो ये सभी वैध हैं लोगों की सुविधा के लिए ही लगाए जाते हैं। पोल शिफ्टिंग के लिए पीडब्ल्यूडी ने कहा था इसलिए एस्टीमेट दे दिया है।

**- योगेन्द्र चौधरी,**
डीई, दक्षिण डिवीजन बैतूल

अधिकांश बिजली के खंभे हमारी जमीन पर हैं। सडक के दोनों ओर सोल्डर की जमीनें हमारी ही हैं। अब इन पर लगे 99 बिजली के खंभे हटवाने के लिए हमें बिजली कंपनी ने 1 करोड़ 22 लाख रुपए का एस्टीमेट दिया है। यह राशि हम जमा करवाएंगे, तब तक काम रुका रहेगा।

**- डीएस परमार,**
एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, बैतूल

## पुलिया से नीचे गिरी बाइक भाई-बहन गंभीर घायल



**बैतूल।** बरेठा घाट के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। युवक के पैर में लोहे की रॉड आर-पार धंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। ग्राम कोटमी माल निवासी 29 वर्षीय धर्मेंद्र उइके अपनी बहन पूनम उइके के साथ बाइक से पाढर बाजार की ओर जा रहे थे। वे बाजार में दुकान लगाने के लिए निकले थे, इसी दौरान बरेठा घाट के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को कट मार दी। टक्कर लगते ही बाइक असंतुलित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। हादसा होते ही मौके पर मौजूद राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि धर्मेंद्र के पैर में लोहे की रॉड आर-पार फंसी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार यह गंभीर चोट है, जिसे निकालने के लिए विशेष उपचार की आवश्यकता है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि युवक की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर करने की तैयारी की जा रही है। वहीं बहन पूनम उइके को भी शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आई हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

## स्कूल बस ने किसान को मारी टक्कर, 20 फीट घसीटा

**किसान गंभीर नागपुर रेफर, घटना सीसीटीवी में कैद**

बैतूल। बैतूल के सिंगानवाड़ी के पास शुक्रवार देर शाम एक निजी स्कूल की बस ने किसान को टक्कर मार दी। बस ने किसान को करीब 20 फीट तक घसीटा। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब मुन्ना वर्मा नामक किसान खेत से लौटते हुए अपनी बाइक पर सडक़ पार करने के लिए हाईवे के डिवाइडर के पास खड़ा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक निजी स्कूल की बस तेज रफ्तार से आ रही थी और उसने किसान को टक्कर मार दी। घटनास्थल के पास मौजूद संदीप पानकर के ढाबे पर खड़े लोगों ने तुरंत घायल किसान को बचाया। उसे तत्काल बड़ोरा स्थित गुरुकृपा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रात में नागपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि किसान के पैर में फ्रैक्चर है और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। टीआई अंजना धुर्वे ने बताया कि इस मामले में अभी तक अस्पताल या किसान के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। इस कारण पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## विधायक कप में 16 टीमें उतरीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा




स्व. सज्जन सिंह उइके की स्मृति में विधायक कप 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने प्रतिनिधित्व किया। जिसमें विजेता ट्रॉफी फाइटर पोलापत्थर को एक लाख रूपये और शिल्ड से पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के सदस्य चंद्रशेखर मालवीय, सोनू बरगले ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये और द्वितीय पुरस्कार पचार हजार रखा गया था। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में विजेता रही टीम को मुख्य अतिथि विधायक गंगा बाई उइके, श्रीमती मीरा साहबलाल धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत भौंरा, सुधीर नायक जनपद सदस्य जनपद पंचायत शाहपुर और टूर्नामेंट के अन्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया।

## वाहन चालकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित




**बैतूल।** बैतूल स्थित ऑडिटोरियम में वाहन चालकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने वाहन चालकों को शहर, जिले में सुगम यातायात संचालन, अनुशासित वाहन संचालन, वैधानिक दस्तावेज सहित वाहन के रखरखाव की जानकारी दी।

बीमा संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए जिले में सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने, ब्लैकस्पॉट/एक्सीडेंट जोन एरिया के आसपास के ग्रामीणों को आपातस्थिति में सडक़ दुर्घटना के घायलों को सीपीआर देने एवं घायलों को गोल्डन ऑवर में ट्रामा/हॉस्पीटल पहुँचाने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों को रहवीर योजना, हिट एंड रन स्कीम, कैशलेस ट्रेटमेंट स्कीम के बारे में भी बताया।

शिविर के दौरान नागरिकों को बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय चालक एवं पीछे बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

चार पहिया वाहन में यात्रा करते समय सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। नाबालिग व्यक्तियों से वाहन न चलाएँ और न ही उन्हें वाहन चलाने दें। शराब पीकर वाहन न चलाएँ, यह दुर्घटना का मुख्य कारण बनता है। गलत दिशा में वाहन न चलाएँ। नेशनल हाईवे पर मेडियन में अवैध कट बनाकर वाहन न निकालें, यह अत्यंत जोखिमपूर्ण है। ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन न करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएँ। किसी भी यात्री या मालवाहक वाहन में ओवरलोडिंग न करें।

## भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव में झूम उठे भक्त



**शाहपुर।** ब्लाक के ग्राम सोहागपुर ढाना में समाजसेवी गुलाब पटेल के निवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। इस अवसर पर कृष्ण जन्म की सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की। जिससे पूरा पंडाल कृष्ण जन्म और कृष्ण भक्ति से सराभोर हो उठा। कथा वाचक पंडित डॉ राजूल पांडे ने भगवान राम और कृष्ण की कथा सुनाई। कथा के दौरान पंडित डॉ. राजूल पांडे ने भगवान की भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। उनकी मधुर वाणी और संगीत से श्रृद्धालुओं का मन विभोर हो गया, और सभी ने संगीत भजन पर नाचकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर समाजसेवी गुलाब पटेल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समाज में भक्ति और प्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और कृष्ण की कथा से हमें भगवान की भक्ति और प्रेम का संदेश मिलता है।

## आरडी संस्थान में पूर्व छात्र मिलन समारोह संपन्न

### आईआईटी, एनआईटी, मेडिकल कॉलेजों में चयन होना गौरव की बातः डीडी उइके



**बैतूल।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध आर.डी. संस्थान बैतूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं आर.डी. संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर पूर्व छात्र मिलन समारोह का शुभारंभ किया। आर.डी. संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी, एनआईटी एवं चिकित्सा संस्थानों में अध्ययनरत एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी ज?ों से जोड़ते है। उन्होने कहा कि आरडी कोचिंग क्लासेस से विद्यार्थियों का आईआईटी एवं एनआईटी में तथा 70 से अधिक छात्र-छात्राओं का मेडीकल कॉलेजों में चयन होना गौरव की बात है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि संस्थान के पूर्व छात्र देश के प्रतिष्ठित तकनीकी एवं मेडीकल संस्थानों में अध्ययन करने के साथ ही ख्याति प्राप्त संस्थाओं में सेवाएं देकर अपने सपनों को साकार कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

#### विद्यार्थियों के लिए प्रेरणाः ऋतु खंडेलवाल

आर.डी. संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल ने पूर्व छात्रों का अभिवादन करते हुए कहा कि एलुमनी, संस्थान की सबसे बडी ताकत होते है। उन्होने कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूर्व छात्रो द्वारा कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल किया। पूर्व छात्रों की सफलता उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनेगी। निदेशक श्रीमती खण्डेलवाल ने कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियां वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगी। उन्होने सभी एलुमनी से संस्थान से जुडे रहकर अपने अनुभव सांझा करने का अनुरोध किया।

### सीमावर्ती क्षेत्र में 6 लाख रुपए की अवैध शराब नष्ट की

## एमपी-महाराष्ट्र आबकारी की संयुक्त कार्रवाई

**भैंसदेही।** एमपी-महाराष्ट्र आबकारी टीमों ने खोमई क्षेत्र में शनिवार सुबह 5 बजे सर्च ऑपरेशन के दौरान नदी-नालों के आसपास बनाई जा रही अवैध शराब को नष्ट किया। इस दौरान 210 लीटर शराब और महुआ लहान नष्ट किया गया, वहीं अन्य सामान को बरामद किया है।

आबकारी विभाग की टीमों ने संयुक्त कार्रवाही करते हुए 4 ड्रम, 100 से अधिक ब्लैडर, लगभग 70 केन बरामद, 3 हाथ भट्टियों में कुल 210 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त, 5400 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया। इन सामग्रियों का अनुमानित मूल्य करीब 6 लाख रुपये बताया गया। टीम ने मौके पर ही सब कुछ नष्ट कर दिया। अज्ञात आरोपी के खिलाफ म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)क एवं 34च के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी विभाग ने कहा कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जायेगा।

यह कार्रवाही जिला कलेक्टर बैतूल और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह चढार के सख्त निर्देशों में की गई। भैंसदेही



आबकारी वृत्त प्रभारी पंकज लोखण्डे ने टीम का नेतृत्व किया। जनता से अपील की गई है कि ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत दें।

**CHANGE OF NAME**

I, no. 14638648N, Rank Dafadar **MRIDUL KUMAR PAUL**, legal father of **SHRUTI**, Residing Vill.- Gopinathpur, PO.- Hirapur, Teh.- Betul, Distt.- Betul (M.P.) Pin- 460440. I have changed my daughter's name from **SHRUTI** to **SHRUTI PAUL** with the Date of birth 16/12/2007 (sixteen December two thousand seven) vide affidavit Date 26/12/2025 before notary Betul Distt.-Betul (M.P.)

**CHANGE OF NAME**

I , **YOGENDRA** Son of No.- 13962633M Rank EX HAV Name- **SUKHDEO PANSE** residents at Vill.- Kolgaon Post- Kolgaon Teh.-Betul, Distt.-Betul (M.P.) Pin- 460002 have Changed My Name from **YOGENDRA** to **YOGENDRA PANSE** vide affidavit dated 27/12/2025 before Notary Betul (M.P.)

## निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया




**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में आयोजित होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ शुक्रवार 26 दिसंबर को किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेश राठौर नपा बैतूल उपाध्यक्ष एवं डॉ योगेश चौकीकर जिला आयुष अधिकारी द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य रूप से आयुर्वेद शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. रवि चौकीकर द्वारा एनोरेक्टल रोग यानी गुदामार्गत रोगों जैसे- बवासीर, भगंदर, एनल फिशर, पाइलोनीडल साइनस, रेक्टल पालीप आदि की निशुल्क सर्जरी एवं उपचार किया जाएगा। इस हेतु रोगियों का रजिस्ट्रेशन 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक

### यह यात्रा सद्भावना की अनूठी मिसालः केंद्रीय मंत्री

# अयोध्या के लिए पदयात्री हुए रवाना


**बैतूल।** राधा कृष्ण मंदिर गंज से अयोध्या जी तक पद यात्रा के लिए पदयात्रियों ने प्रस्थान किया। केन्द्रीय मंत्री डीडी उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, शिक्षाविद किन्तु दीक्षित साहित जनप्रतिनिधि व समाजसेवीयों ने फूलमाला से अभिनंदन कर पदयात्री धनंजय सिंह ठाकुर व केशो मोरले को विदा किया।

उल्लेखनीय है कि यह दोनो युवकों के द्वारा बैतूल से अयोध्या दूसरी बार पदयात्र की जा रही है। इस बार मां ताप्ती, पूर्णा नदी के जल सहित जिले की नदियों, गांव की माटी, धर्म ध्वज और तिरंगा के साथ अयोध्या पहुंचेगे। इस मौके पर डीडी उईके ने कहा कि यह पदयात्रा वह सद्भावना देश की अखंडाता को सम्प्रभुता को दर्शाती है।



उन्होने कहा कि हमारे जिले से दो युवक लगभग 1300 किलोमीटर की पदयात्रा कर रामलीला के दर्शन करेंगे जो हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। सुधाकर पवार ने कांतु दीक्षित कहा की यह पद यात्रा दो राज्य व 19 जिले क्रास करती हुई रामलला सरकर के धाम अयोध्या पहुंचेगी हम सभी इसके साक्षी रहे यह सौभाग्य की बात है। इसमें संजय पप्पी शुक्ला, तुलीका पाचोली, सुखदेव गुजरे, वासुदेव गुजरे, मदन लाल डढोरे, राधेलाल वनखेडे, बबलु दुबे, सुशील उदयपुरे, संजना धुर्वे, तनुश्री सोनी,जीवन उच्चसरे,गजेंद्र पवार, मयक गोखले, सीताराम इग्ले, हिमांशु मालवीय, शैलेन्द बिहारिया, पिकी भाटिया, रमेश भाटिया, पवन साहू सहित बडी संख्या लोग मौजूद थे।

### अभिमन्यु श्रीवास्तव को पितृ शोक, अंत्येष्टि आज



**बैतूल।** समाजसेवी और एमपी विनियर्स के महाप्रबंधक अभिमन्यु श्रीवास्तव के पिताजी बीएन श्रीवास्तव (लाल साहब) का 90 वर्ष की आयु में आज 27 दिसंबर की दोपहर में देवलोक गमन हो गया है। स्व. श्री श्रीवास्तव वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा से वर्ष 1999 में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने अपनी सेवा की शुरुआत वर्ष 1964 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से की थी। उनका अंतिम संस्कार रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कोठीबाजार मोक्षधाम बैतूल में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र अरविंद और अभिमन्यु सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## ग्राम गोल में बीरबल दिवस का आयोजन हुआ

**माखन नगर।** शुक्रवार को ग्राम गोल में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक - 2 परियोजना माखन नगर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा के निर्देशानुसार केंद्र चित्रकला,कहानी सुनना,अभिनय गीत,खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया जो कि जागरूकता संदेशों को बढ़ावा देती हैं जिसमें कार्यकर्ता - जया कुशवाहा एवं सहायिका प्रभा कुशवाहा उपस्थित रहीं जिनके द्वारा वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## कक्षा में प्रभावी लेखन पर चर्चा संवाद कार्यक्रम



**माखननगर।** माध्यमिक शाला नया चूरना में दिसंबर माह का संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षिक संवाद में कक्षा 3 से 5 एवं 6 से 8 के शिक्षकीय कार्य करने वाले शिक्षकों ने सहभागिता की शैक्षिक संवाद का विषय था प्राथमिक कक्षा में प्रभावी लेखन जिस पर उपस्थित शिक्षकों अपने विचार व्यक्त किए।

### डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

# सोहागपुर- इंदौर विजेता, माखननगर उपविजेता, नर्मदापुरम तीसरे स्थान पर

डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष की जाने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की इस वर्ष की कड़ी गत रात्रि समाप्त हुई। प्रतियोगिता में इंदौर विजेता बनी। वहीं माखन नगर टीम उपविजेता रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर कॉलेज के खेल मैदान पर हुई प्रतियोगिता का समापन प्रबल खेल भावना, रोमांच और ऐतिहासिक मुकाबलों के साथ हुआ। देर रात हजारों दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए फाइनल मुकाबले में इंदौर ने शानदार रणनीति और आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया।

वहीं कड़े संघर्ष के बाद माखन नगर की टीम उपविजेता रही, जबकि टीम नर्मदापुरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति से अध्यक्ष हमीरसिंह चंदेल ने बताया कि पूरी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों ने दमदार रेड, सटीक टैकल व अनुशासित खेल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक मुकाबले में प्रतिस्पर्धा का संतुलन साफ दिखाई दिया, जिसने आयोजन को यादगार बना दिया।

समापन कार्यक्रम में सोहागपुर शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, विजय अग्रवाल, नन्नू छाबड़िया, हमीर सिंह चंदेल, अभिषेक चौहान, अभिनव पालीवाल, एकम राजपूत, सौरभ तिवारी, अशोक रघुवंशी, कॉलेज प्राचार्य एनके नीखरा, शंकरलाल मालवीय, अंकुश जायसवाल तथा खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

**इनका कहना है...**

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। प्रतियोगिता युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम बनी।

**-हमीरसिंह चंदेल,** अध्यक्ष डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी सोहागपुर

**बढ़ाया उत्साह**

पुरस्कार वितरण समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह एवं सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल अतिथि रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किये। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि ये आयोजन सोहागपुर की उत्कृष्ट खेल परंपरा का परिचय देते हैं। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि ये आयोजन ग्रामीण तथा शहरी प्रतिभाओं को समान अवसर देते हैं और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को नई पहचान मिलती है।

**मिले ये पुरस्कार**

आयोजन समिति से अभिनव पालीवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता को 21000 व ट्रॉफी, उपविजेता को 11000 व ट्राफी तथा तृतीय स्थान पर रही टीम को 6000 तथा ट्रॉफी प्रदान किये गए। पालीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की 32 नामी तथा आमंत्रित टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता चार दिन में संपन्न हुई।

### ठंड में रॉड का इस्तेमाल बना जानलेवा

## पानी गर्म करते समय लगा इलेक्ट्रिक रॉड से करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



कक्षा 12 वीं की छात्रा को नहाने का पानी गर्म करने के कारण दौरान इलेक्ट्रिक रॉड से करंट लग गया था। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

करनपुर निवासी 49 वर्षीय गुलाब पिता सुखराम कुशवाहा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाने से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी गुलाब की दो लड़किया और एक लड़का है। बड़ी बेटी माही कुशवाह शनिवार की सुबह 8:30 बजे नहाने के लिए इलेक्ट्रिक रॉड से स्टील की बाल्टी में दहलान पर पानी गर्म कर रही थी पानी गर्म करने के लिए रॉड लगाते समय माही को बिजली का करंट लग गया एवं वह बहुत तेज चिल्लाई आवाज सुनकर परिजन वहां पहुंचे।

जहां माही बेहोश जमीन पर पड़ी थी पानी की बाल्टी रॉड के नीचे थी सावधानी से रॉड की बटन बंद कर प्लग निकाला। इसके बाद माही को सरकारी अस्पताल सोहागपुर लेकर गए जहां डॉक्टर ने माही की करंट लगने से मृत्यु की जानकारी दी। माही वर्तमान में 12 वीं की छात्रा होकर कन्या शाला सोहागपुर में अध्यनरत थी रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

**5 माह की बच्ची गर्म पानी से जली**

परसापानी ग्राम में 5 माह की बच्ची रियांशी पिता राजेश गर्म पानी से जल गई जिसके कारण उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर लाई गई थी, बच्ची अधिक जलने से इलाज हेतु नर्मदापुरम जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## सोहागपुर शहरी क्षेत्र में जारी हैं बसों के मनमाने स्टॉपेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने नियम तय किया था कि शहर में नवीन बस स्टैंड व लोनिवि रेस्ट हाउस के समीप ही बस स्टापेज होगा। लेकिन पुराने ढर्रे पर बस स्टॉपेज जगह-जगह जारी है। निजी बसों के चालक शहर में जगह-जगह बीच हाईवे पर बसें खड़ी कर रहे हैं। बसों के मनमाने स्टापेज के कारण नियमित यातायात बाधित होता है। स्पष्ट है कि एसडीएम द्वारा तय नियम का पालन राजनीतिक पकड़ वाले बस ऑपरेटर्स के चालक नहीं कर रहे हैं, जिससे नागरिकों में नाराजगी है। शनिवार सुबह सिविल कोर्ट चौराहे पर आमने-सामने दो बसें काफी देर तक यह सवारी बिठाने के लिए रोकी गई। इस दौरान सोहागपुर में पदस्थ एक सरकारी अधिकारी का वाहन चौराहे पहुंचा। लेकिन बसों के कारण बाधित यातायात में वाहन फंस गया।

सरकारी वाहन के चालक ने हूटर बजाया तो हड़बड़ाते हुए दोनों बस चालकों ने अपने-अपने वाहन आगे बढ़ाए। तब जाकर यातायात की बाधा दूर हुई। नागरिकों ने कहा कि अधिकारी अपने वाहन में बैठे-बैठे मोबाइल पर कुछ देख रहे थे, अतः बाधित यातायात पर उनका ध्यान नहीं गया। और इससे तय हो गया है की मनमाने बस स्टॉपेज आगे भी जारी रहेंगे तथा यातायात की बाधा भी उत्पन्न होती ही रहेगी।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा विवादित ढांचा गिराए जाने के उपलक्ष्य में समूचे भारत में शौर्य यात्राएं निकाली जा रही हैं। सोहागपुर नगर में भी स्थानीय रानी लक्ष्मीबाई मंच पर सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्य वक्ता रूप में प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी उपस्थित रहे।

तिवारी ने कहा कि वर्तमान में बांग्लादेश में हिंदू वहां पर अल्पसंख्यक हो गया है। हिंदू संगठित नहीं है, इसलिए उस पर लगातार अत्याचार हो रहें है। आए दिन नई नई घटनाएं देखने को मिल रही हैं। वहां पर यदि बजरंग दल होता तो ऐसी घटनाएं घटित नहीं होती। तिवारी ने आव्हान किया कि हिंदू समाज को संगठित होना पड़ेगा। तिवारी ने कहा कि विवादित ढांचा हिंदू समाज पर कलंक था और इस



कलंक को संगठित हो हिंदू समाज ने मिटाया था। लाखों हिंदुओं ने अयोध्या में एकत्रित होकर पांच घंटे में 500 वर्षों के गुलामी के प्रतीक को हटा दिया था।

इस दौरान प्रांत सह संयोजक लोकेंद्र मालवीय व आरएसएस विभाग गौ सेवा संयोजक जीवन दुबे ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन शिव कुमार पटेल ने किया। सभा उपरांत नगर के मुख्य मार्गों से शौर्य यात्रा निकाली गई। इसके उपरांत बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला जलाया गया।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर 18 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन तैयारियों को लेकर बैठक, क्षेत्रवासियों से सफल बनाने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 18 जनवरी, रविवार को गुरु गोबिंद सिंह एवं महर्षि बस्ती क्षेत्र में एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सरला मंगल भवन में होगा।

**शोभायात्रा और सांस्कृतिक संगमः** सम्मेलन के दौरान नगर में एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सहभागिता के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही, विचार गोष्ठी के माध्यम से संघ के शताब्दी वर्ष के संदेश और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर मंथन किया जाएगा।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने आयोजन समिति के संयोजक कल्पेश अग्रवाल के सानिध्य में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में शोभायात्रा के मार्ग का निर्धारण और सुरक्षा व्यवस्था, मंच संचालन और स्वयंसेवकों के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा, जनसंपर्क अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोडऩा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठकमें उपस्थित पदाधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति के प्रति जन-जागरूकता का एक महाभियान है। आयोजन को सुव्यवस्थित रूप देने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस सांस्कृतिक महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

बैठक में सुनील पाठक, राजेश अग्रवाल, ऋषि दुबे, नारायण सोनी, अमित मेघानी, अमित चेलानी, वासु खुरानी, निलेश जैन, सौरभ शर्मा, राजकुमार लालवानी, महेश बलेचानी, दिनेश उपाध्याय, नितेश ठाकुर, संदेश मालवीय और नवीन कु रापा सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## गांधी सभा भवन मामला : नपा ने दुकानदारों को 30 दिसंबर तक पक्ष रखने का नोटिस दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी ने जयस्तंभ चौक स्थित ऐतिहासिक गांधी सभा भवन परिसर में संचालित दुकानों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। नगर पालिका प्रशासन ने यहां व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर दिया है।

**प्रकरण का आधार**

यह कार्रवाई मध्य प्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग (मंत्रालय, भोपाल) के पत्र के निर्देशों के पालन में की जा रही है।

**नोटिस की समय सीमा**



प्रशासन ने दुकानदारों को 30 दिसंबर 2025 तक का समय दिया है। इस अवधि के भीतर संबंधित पक्षों को उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करना होगा।

**प्रशासन की चेतावनी**

नोटिस में स्पष्ट किया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर दुकानदार अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध एकतरफा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है मामला?**

गांधी सभा भवन, जो कि शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर स्थित है, वहां कई वर्षों से व्यापारिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के बाद अब इन दुकानों की वैधता या भवन के उपयोग को लेकर जांच प्रक्रिया शुरू की गई है।

हालिया नोटिस इसी कार्रवाई का एक हिस्सा है। नगर पालिका के इस कदम से क्षेत्र के व्यापारियों में हलचल तेज हो गई है। अब देखना यह होगा कि दुकानदार निर्धारित तिथि तक क्या दस्तावेज और तर्क प्रस्तुत करते हैं।

## आदर्श वार्ड बनाने में जुटे विधायक व नपाध्यक्ष का सभापति ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 23 को आदर्श वार्ड बनाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चोरे द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड 23 स्थित कस्तूरबा स्कूल के सामने विधायक निधि से लगभग 6 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण नपाध्यक्ष पंकज चोरे, सभापति एवं स्थानीय पार्षद राकेश जाधव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को सड़क निर्माण के पश्चात नियमित तराई (पानी डालने) के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क की चौड़ाई बढ़ाने हेतु नागरिकों द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना की गई।इस अवसर पर पार्षद राकेश जाधव ने कहा कि "हमारा लक्ष्य वार्ड 23 को शहर का आदर्श वार्ड बनाना है, जिसके लिए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।" उन्होंने सड़क निर्माण कार्य के लिए विधायक डॉ. शर्मा एवं नपाध्यक्ष चोरे के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अपनों से बिछड़े बुजुर्ग को आरपीएफ ने ढूंढ निकाला, परिवार से करा दिया मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल मदद हेल्पलाइन और आरपीएफ की मुस्तैदी से एक बुजुर्ग पिता अपने बेटे से सुरक्षित मिल सके। अहमदाबाद के रहने वाले 70 वर्षीय कुंजा दास, जो मानसिक रूप से थोड़े अस्वस्थ हैं, हाजीपुर से अहमदाबाद जाते समय ट्रेन से कहीं उतर गए थे। आरपीएफ इटारसी ने उन्हें ढूंढकर उनके परिवार को सौंप दिया। कैसे मिली सूचना26 दिसंबर को सहेंद्र दास ने हेल्पलाइन नंबर 139 पर फोन करके बताया कि उनके पिता कुंजा दास ट्रेन नंबर 19484 से यात्रा कर रहे थे, लेकिन वे रास्ते में कहीं खो गए हैं। उन्होंने अपने पिता का फोटो और हुलिया भी व्हाट्सएप पर भेजा।



सूचना मिलते ही आरपीएफ थाना प्रभारी मनीष पाण्डेय ने टीम को अलर्ट किया। पुलिस ने स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें बुजुर्ग व्यक्ति दिखाई दिए। इसके बाद आरक्षक जसवंत सिंह ठाकुर और राकेश मीणा ने स्टेशन परिसर में तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद बुजुर्ग व्यक्ति स्टेशन की पार्किंग के पास बैठे मिले। फोटो से मिलान करने पर उनकी पहचान कुंजा दास के रूप में हुई। सम्मान के साथ रखा और खिलाया खाना आरपीएफ ने बुजुर्ग को सुरक्षित थाने लाकर उनके बेटे को सूचना दी। बेटे ने अहमदाबाद से आने में समय लगने की बात कही, तब तक आरपीएफ के जवानों ने बुजुर्ग के रहने और खाने-पीने का पूरा इंतजाम किया। अगले दिन यानी 27 दिसंबर को बेटा सहेंद्र दास इटारसी पहुंचा। सहायक उप निरीक्षक राजेश सिंह ने कागजी कार्यवाही पूरी कर पिता को उनके बेटे के हवाले किया। एक-दूसरे को देखकर पिता और पुत्र दोनों भावुक हो गए। बेटे ने आरपीएफ इटारसी का हाथ जोड़कर धन्यवाद किया और पुलिस की इस मदद की सराहना की।

## एसडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एसडीएम निलेश शर्मा ने शनिवार को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मेटरनिटी, सर्जिकल वार्ड, पैथोलॉजी और किचन सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया।

एसडीएम ने निर्देश दिये कि सभी डॉक्टर और कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें, वार्डों और टॉयलेट्स की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए, मरीजों को शासन के नियमानुसार मुफ्त दवाएं दी जाएं और बाहर की दवाएं न लिखी जाएं, भर्ती मरीजों के लिए सभी वार्डों में तत्काल रूम हीटर की व्यवस्था की जाए, स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर अन्य अस्पतालों में रेफरल कम करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सुनीता साहनी और अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी भी मौजूद रहे।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का दूसरा दिन

## साधु संतों का अपमान भारी पड़ता है: कथाव्यास राधादेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री वृंदावन गार्डन इटारसी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गोवर्धन ब्रजभूमि से पधारी साध्वी राधा देवी ने राजा परीक्षित का चरित्र सुनाते हुए कहा कि परीक्षित को संत श्राप से सर्प ने डस लिया और सर्प डसने से उनकी मृत्यु हुई। साध्वी जी ने कहा कि भूल से भी साधु संतों का अपमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि साधु अपराध पर भगवान को भी क्षमा नहीं करते। फिर तो कोई सिद्ध संत ही कुछ रास्ता निकाल सकते हैं।

राजा परीक्षित बहुत बड़े धर्मात्मा और भगवान के परम भक्त होते हुए भी संत श्राप से नहीं बच पाए। एक बार परीक्षित जी वन भ्रमण को निकले उन्हें वहां प्यास लगी तो राजा समीक मुनि के आश्रम में पहुंचे वहां मुनि ध्यान में बैठे थे। राजा का किसी ने सत्कार नहीं किया। कलियुग के प्रभाव से राजा को क्रोध आया और राजा ने समिक मुनि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया और वहां से महल की ओर चले गए।



उधर जब समिक मुनि के पुत्र श्रृंगी जो बड़े तपस्वी युवा अवस्था थे उन्होंने सब कुछ आश्रम के बारे में जाना तो उन्होंने तुरंत राजा को श्राप दे दिया कि यही सर्प आज से सातवें दिन राजा को डस लेगा और राजा की मृत्यु हो जाएगी। जब समिक मुनि को पता चला तो मुनि को बहुत कष्ट हुआ कि राजा तो बहुत धर्मात्मा है उन पर तो सोने का मुकुट पहनने के कारण कलियुग का प्रभाव था।

तुरंत राजा परीक्षित को सूचना दी गई और उन्हें उस श्राप से बचने का उपाय भी बताया। जिससे उन्होंने शुकदेव मुनि को बुलाकर सात दिन उनसे श्री मद्भागवत की कथा सुनी और सातवें दिन राजा परीक्षित मोक्ष को प्राप्त हुए।

साध्वी ने कहा कि कभी भी साधु संतों का अपमान नहीं करना चाहिए। गुरुनानक ने भी संतों की महिमा को बहुत गाया है उन्होंने कहा है कि अगर भजन नहीं हो पाता है तो संत सेवा कर लीजिए जरूर कल्याण हो जाएगा।

आयोजक समिति के सदस्य जसवीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। समस्त धार्मिक अनुष्ठान वृंदावन गार्डन, इटारसी में संपन्न होंगे।

श्री छाबड़ा के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक वातावरण को बढ़ावा देना और समाज में शांति व सद्भाव का संदेश फैलाना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वृंदावन गार्डन में व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## शासकीय पीएमश्री स्कूल में 131 छात्रों को साइकिल वितरित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

शुक्रवार को माखन नगर विकासखंड के ग्राम आंचलखेड़ा में शासकीय पीएमश्री स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कक्षा नवमीं के 103 विद्यार्थियों एवं कक्षा छठवीं के 28 विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत माखननगर अध्यक्ष सावित्रीबाई परनामे ने की। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की विद्यार्थियों को अच्छे मन से पढ़ाई करना है वहीं जहां तक कि मोबाइल फोन से दूर रहे, हो सके जरूरत के हिसाब से उसका उपयोग करें वहीं पढ़ाई एवं शिष्टाचार की बातों से अवगत कराकर विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य रूप से बीईओ सुषमा पीपरे, प्राचार्य अशोक बिल्लोरे, प्रधान पाठक संजय गुप्ता, सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज बंद रहेगी 5 घंटे बिजली

**हरदा।** शहर में रविवार को पांच घंटे बिजली गुल रहेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले विभिन्न फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती उपकेंद्र के अंदर नई बस बार और कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य के कारण की जाएगी। बिजली कंपनी के जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर, 11 केवी इंदौर रोड, खेड़ीपुरा, रेलवे और कोर्ट फीडर से संबंधित कॉलोनियों में बिजली नहीं रहेगी। प्रभावित होने वाली कॉलोनियों में सिंधी कॉलोनी, पीपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक विहार, घंटा घर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज, अवस्थी कंपाउंड, फाइल वार्ड, कुलहरदा और खेड़ीपुरा शामिल हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी पुलिसकर्मी को अग्रिम जमानत नहीं मिली

**हरदा।** ट्रैफिक थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र मालवीय पर एक पीड़िता द्वारा दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। हरदा विशेष न्यायालय में 23 दिसंबर को आरोपी सुरेन्द्र मालवीय की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है। क्योंकि एक्ट में अग्रिम जमानत का प्रावधान नहीं होने के कारण निरस्त कर दी गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा मोबाइल बंद कर लिया गया है। जिस कारण लोकेशन नहीं मिल रही है, गिरफ्तारी हेतु टीम भेज कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले के टिमरनी की रहने वाली एक महिला ने विगत दिवस ट्रैफिक थाने में पदस्थ एएसआई सुरेंद्र मालवीय के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि 16 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे एएसआई ने पगार बढ़ाने का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

### नपा ने 10 आवारा कुत्तों को जंगल में छोड़ा

**हरदा।** शहर में आवारा कुत्तों का आंतक है। हर दिन आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे देखते हुए शुक्रवार को नगर पालिका की टीम ने आवारा कुत्तों को पकड़ने अभियान चलाया। टीम ने 10 आवारा कुत्तों को पकड़कर रहटगांव के जंगल में छोड़ा है। नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार को करीब 5 घंटे तक आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया। अभियान सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच चला। शुरुआत नार्मदीय धर्मशाला से हुई। इसके बाद मुख्य बाजार क्षेत्र घंटाघर, पुरानी सब्जी मंडी, चांडक चौराहा, नई सब्जी मंडी, अवस्थी कंपाउंड, स्वामी विवेकानंद कॉम्प्लेक्स के आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ा। सफाई दरोगा उपेंद्र कलोसिया ने बताया कि टीम ने 10 आवारा कुत्तों को पकड़कर रहटगांव क्षेत्र के जंगल में छोड़ा गया है। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रही है। झुंड में एक कुत्तों को पकड़ते समय बाकी के भाग जाते हैं। उन्हें गलियों में ढूंढ़कर पकड़ा गया है। मालूम हो कि पिछले दिनों एक स्कूली छात्रा पर भी आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था। इसके बाद उसका इलाज किया गया। वहीं सीएमओ कमलेश पाटीदार का कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

### मिडिल स्कूल ग्राउंड में 4 से लगेगा स्वदेशी मेला

**हरदा।** शहर के मिडिल स्कूल ग्राउंड पर 4 से 13 जनवरी तक स्वदेशी मेला लगेगा। इसके लिए शुक्रवार को वाहनों को हरी झंडी दिखाई। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा दूसरे वर्ष मेला आयोजित किया जा रहा है। स्वर्णिम भारत फाउंडेशन नो प्रॉफिट नो लास के उद्देश्य से स्थानीय व्यापारियों को स्वदेशी उत्पाद और विशिष्ट उत्पादों की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के लिए आयोजित कर रहा है। स्वदेशी को बढ़ावा देने प्रचार रथ को प्रांतीय अधिकारी रविलाल पटेल ने झंडी दिखाई। इस दौरान मेला पालक बनवारी लाल यादव, विस्तारक अरुण मालवीय, सदस्य ओमप्रकाश राठौर समेत अन्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रत्येक टीम ने अपने अपने नॉक आउट मैच में प्रदर्शन किया

# कमल खेल महोत्सव में बालिका वर्ग में 8 व बालक वर्ग में 12 टीम ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा।



कमल खेल महोत्सव अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता अंतर्गत नेहरू स्टेडियम हरदा में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शास हायर सेकंडरी स्कूल मासनगांव, शास हाई स्कूल खेड़ा, शास हाई स्कूल नयापुरा, शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शास महात्मा गांधी स्कूल हरदा, शास नगरपालिका स्कूल हरदा, शास हाय स्कूल खेड़ा , सोनतालाई , सनफ्लॉवर स्कूल हरदा, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा, दा फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन हरदा, कन्या शाला हरदा, सभी स्कूल से बालिका वर्ग में 8 टीम एवं बालक वर्ग में 12 टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ, कबड्डी के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जगदीश शर्मा सर, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल, महामंत्री भाजपा राजेश गोदारा, महामंत्री भाजपा वसंत राजपूत, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, पत्रकार स्वदेश गंगवाल के द्वारा मैदान का पूजन कर खिलाड़ियों से परिचय कर किया गया। संदीप पटेल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कह की हरदा जिले का प्रत्येक खेल का किसी भी गांव का है उसको राष्टीय स्तर तक भेजने उसको सहयोग प्रदान करूंगा, खिलाड़ी पुरी मेहनत और कौशल के साथ खेल का बेहतर प्रदर्शन करे। इस दौरान प्रत्येक टीम ने अपने अपने नॉक आउट मैच खेले। परिणाम बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर नोडल शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, द्वितीय स्थान शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, तृतीय स्थान महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा रहा, जबकि चतुर्थ स्थान सनफ़लबार स्कूल हरदा ने स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में परिणाम प्रथम स्थान शास हाय स्कूल अजनस, द्वितीय स्थान शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, तृतीय स्थान शास उच्च माध्यम शाला मासनगांव, चतुर्थ स्थान शास महात्मा गांधी स्कूल हरदा को मिला। प्रतियोगीता के संयोजक जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल ने बताया कि दोनों ही वर्ग से प्रथम 4 स्थान प्राप्त करने वाले बालिका एवं बालक वर्ग की टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। प्रतियोगिता में पहलाद जाट, कन्हैयालाल विश्नोई, लोकेश डूडी, शैलेन्द्र टाडा, पंकज झुरिया, निवास चौधरी, योगेंद्र पटेल, हिमांशु सावरे, सुमित गोयल, सूरज राजपूत सभी के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई।

## खिलाड़ियों का नेशनल गेम्स के लिए चयन



**रहटगांव।** उज्जैन में आयोजित होने वाले मार्शल आर्ट के नेशनल गेम्स में परंपरागत लाठी खेल को शामिल किया गया है। जिला मलखंभ संघ हरदा और जिला परंपरागत लाठी खेल संघ के अध्यक्ष रोहित रहड़वा ने बताया कि यह नेशनल प्रतियोगिता उज्जैन में चल रही है। जिसमें हिमांशी पिता आनंद रहड़वा, वंशिका पिता विजय कौशल, वंशिका पिता संजय गुर्जर, चाहत देवड़ा पिता केवलाराम देवड़ा, वेदांत पगारे पिता अतुल पगारे का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय परंपरागत लाठी खेल में भाग लेंगे और इस प्रतियोगिता में रोहित रहड़वा और दिलिप चौहान निर्णायक रहेंगे।

ग्राम बोथी में तीन जिलों के लोगों की बैठक आयोजित की गई थी

# जिंदगी बचाओ अभियान बैठक में संकल्प, जल जंगल जमीन से विस्थापित होना मंजूर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶रहटगांव



ग्राम बोथी में तीन जिलों के लोगों की बैठक आयोजित किया। जिसमें हरदा, नमर्दापुरम और बैतूल के जिले के ग्राम सामरधा, कामठा, लही, जामनगरी, झिरिया डोह, महूखाल, कायरी, राजा बुरारी, गुलाढाना, मल्लुपुरा के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए राम प्रसाद काजले ने कहा कि विकास के नाम पर आदिवासी क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी समुदाय को जल जंगल जमीन से भगाया जा रहा है।

काजले ने कहा कि विगत 23 दिसंबर को जिंदगी बचाओ अभियान द्वारा कलेक्टर बैतूल के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें बैतूल जिला अस्पताल को निजी संस्थानों को देने पर आपत्ति किया गया है। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। मल्लू पुरा निवासी शंकर लवसकर ने बताया कि हमारे गांव को 2017 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से हटाकर बादरी गांव के पास बसाया गया है। परन्तु अभी तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया गया है। सरकार गांव से हटाने के पहले बहुत वादा करती है और सपने दिखाती है। आज तक न जमीन दिया है और न मकान ही दिया है। एक बार गांव खाली करने के बाद कोई सुध नहीं लेता। विस्थापन आदिवासियों के लिए अभिशाप बन गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण कलम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब गांव के लोग गंजाल-मोरांड बांध परियोजना नहीं चाहते हैं तो सरकार जबरदस्ती नहीं करना चाहिए। उपस्थित लोगों ने आवाज दिया कि हमलोग जल जंगल जमीन नहीं छोड़ेंगे। साथ ही जो लोग सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से विस्थापित हुए हैं उन्हें न्याय दिलाएंगे। सरकार हम आदिवासियों को मुर्ख बनाकर विस्थापन करना बंद करें और हमें भी इनके बातों में नहीं आना है। रितु बाई उईके ने बताया कि इस विस्थापन का सबसे बुरा असर महिलाओं और बच्चों पर होता है।जब हमलोग अपने खेती से अच्छी जिंदगी चला रहे हैं, तो सरकार हमारी जिंदगी क्यों तबाह करना चाहती हैं। सरकार का यह विकास नामंजूर है।

उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि हमें जल जंगल जमीन से विस्थापित होना मंजूर नहीं है। ज्ञात हो कि एक अध्ययन के अनुसार मध्यप्रदेश में 1951 से 1995 के बीच बांध, खनन, औधौगिक परियोजनाओं से 6,32,634 लोग विस्थापित हुए हैं जिसमें 2,55,317 आदिवासी है। कार्यक्रम में जय कुमार उईके, लालसिंह काजले, राजेश काजले, राजू चौहान, धारासिंह कासदे, प्रेम दादा, सरदार देवड़ा, दसरथ कलम, बकसराम लवसकर, लक्षीया बाई कलम, लक्ष्मी काकोडीया आदि की विशेष उपस्थिति रही।

अनुभूति कैंप का आयोजन

## विद्यार्थियों ने पक्षियों को देखा पेड़ पौधों की जानकारी भी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶रहटगांव।

वन परिक्षेत्र टेमागॉव सामान्य कली राम उईके, उप वनमण्डल उतर हरदा, धरमपूरी गोस्वामी, वन परिक्षेत्र अधिकारी टेमागांव सामान्य की उपस्थिति में प्रथम अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया।

यह आयोजन बोथी मे गंजाल नदी के किनारे किया। मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के सौजन्य से वन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे शासकीय नवीन हाई स्कूल पोखरनी के 62 एवं शासकीय उच्चतर माध्यशमिक विद्यालय चारखेडा के 64 विद्यार्थियो तथा 10 शिक्षको ने हिस्सा लिया। इस वर्ष अनुभूति कैंप हम है धरती के दूत थीम पर आधारित रहा। अनुभूति कैंप में विद्यार्थियो को स्थलीय एवं जलीय पक्षी दर्शन कराया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने तुईया तोता, भुजंगा, सामान्य तोता, अंधा बगुला, किंग फिशर, मलंग बगुला, टिटहरी, छोटा पनकौवा, नीलकंठ, जलगुर्री आदि पक्षियो को देखा नेचर ट्रेल पर प्रकृति व्याख्या अंतर्गत वन्यजीव वं पेड पौधो आदि की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियो ने कैंप की प्रत्योक गतिविधि मे बढ चढकर हिस्सा लिया एवं धरती के दूत बनकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र मे कार्य करने के लिए शपथ ली।

अनुभूति कैंप मे मुख्य अतिथि दुर्गाबाई संतोष दोगने, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष जनपद पंचायत टिमरनी, सुंदरलाल मवासे, हरिओम सोलंकी मास्टर ट्रेनर, सुखलाल सोलंकी, जोहनसिंह परते, छाया धुर्वे एवं परिक्षेत्र टेमागांव सामान्य का वन अमला उपस्थित रहा।

# वीर बालक दिवस का आयोजन किया, स्कूल जिला अस्पताल में गर्म दूध की सेवा दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा।

सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहबजादों के बलिदान के तहत वीर बालक दिवस का आयोजन कर इतिहास के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को समाज के लोगों ने स्कूल, जिला अस्पताल में गर्म दूध की सेवा दी। गुरु सिंघ सभा के मीडिया प्रभारी मनमीत सिंह खनूजा ने बताया शनिवार सुबह 10 बजे से गुरुद्वारा साहिब में पाठ होगा, सुबह 10.30 से 11 बजे तक सिमरन किया जाएगा। वहीं 11 से 12 बजे तक कीर्तन, दीवान सजेगा। इसके बाद 12.30 बजे लंगर रहेगा। गुरु गोबिंद सिंह सेवादल के सदस्यों के द्वारा कीर्तन पाठ किया जाएगा। ज्ञानी राजवीर सिंह इतिहास के बारे में जानकारी देंगे। वहीं शाम 6.30 से 8 बजे तक दीवान सजेगा। दूध सेवा गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह खनूजा, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह सलूजा, नागेंद्र मल्होत्रा, सुनील खरबंदा, विकास वाधवा, लवमीत सिंह खनूजा, हनी वाधवा ने दी।

## चौक का नामकरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

वीर बाल दिवस पर सिख समाज, सिंधी समाज, जैन समाज और व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने नपाध्यक्ष भारती कमेडिया और संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने शहर के 1 चौक का नामकरण दीवान टोडरमल जैन की स्मृति को आबाद बनाने के लिए करने की मांग की। इस दौरान गुरु सिंघ सभा अध्यक्ष जितेंद्र सिंह खनूजा ने कहा दीवान टोडरमल ने गुरु गोबिंद सिंह के परिवार के अंतिम संस्कार के लिए मुगल सल्तनत से सोने के सिक्के देकर जमीन खरीदी थी। संजय लोकवानी ने कहा दीवान टोडरमल महान व्यापारी थे, जिन्होंने अपने व्यवसाय को समाज सेवा के लिए उपयोग किया। दीपक नेमा ने कहा हम सभी समाज के प्रतिनिधि दीवान के नाम को आबाद बनाने के लिए एकजुट हैं। अजय अग्रवाल ने नगर के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं व्यापारी एसोसिएशन के सरगम जैन, सचिन जैन ने दीवान टोडरमल के प्रस्ताव का समर्थन किया। वहीं विधायक प्रतिनिधि संजय जैन ने कहा प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। नपा अध्यक्ष भारतीय कमेडिया ने प्रस्ताव को आगे बढ़ाने, नामकरण के लिए सहमति प्रदान की।

## संकल्प वृद्धा आश्रम में भोजन प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय, सरल, सहज और मिलनसार स्व.गोपाल कृष्ण शर्मा की पुण्य स्मृति में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में भोजन प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर उनके परिजन खजांची लाइन स्थित कृष्णा डेरी की ओर से मौजूद राजेश शर्मा ने वृद्धजनों को भोजन-प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर पेंशनर्स एसोसिएशन के अनिल शर्मा, प्रदीप साबू, पिपेलेश्वर मंदिर समिति के मनोज जैन सहित अन्य ने श्री शर्मा को श्रद्धांजली अर्पित की।

इस मौके पर उनके परिजन राजेश शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में स्व. गोपाल कृष्ण शर्मा की स्मृति में अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को यहां पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस मौके पर संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि आज वीर बाल दिवस, जो हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है, भारत में एक राष्ट्रीय स्मरण दिवस है जो दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे बेटों की असाधारण वीरता और शहादत को याद करता है। यह उत्सव विशेष रूप से साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह पर केंद्रित है; उन्होंने मुगल साम्राज्य के शासनकाल के दौरान हर मुश्किल का सामना करते हुए असाधारण वीरता दिखाई वीर बल दिवस का उत्सव 26 दिसंबर 1705 से शुरू होता है, जब वज़ीर खान के नेतृत्व वाली मुगल सेना ने दो युवा साहिबजादों को हिरासत में ले लिया था। क्रमशः केवल नौ और छह वर्ष की आयु के होने के कारण, उन पर अपने विश्वासों को त्यागने और इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए अत्यधिक दबाव डाला गया, हालांकि, दोनों बच्चों ने अपने धर्म से पीछे हटने से इनकार कर दिया। उनके अडिग रुख के परिणामस्वरूप उनकी क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई। उन्हें उनके अवज्ञा के दंड के रूप में जिंदा ईंटों में चुनवा दिया गया।

कलेक्टर ने वन ग्रामों का निरीक्षण कर देखी संपरिवर्तन की कार्रवाई

# वन ग्रामों का संपरिवर्तन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर तहसील के ग्राम ईटखेड़ा एवं नींबूखेड़ा में वन ग्रामों के संपरिवर्तन की चल रही कार्यवाही तथा ग्राम गाजीखेड़ी में वन खण्डों के व्यवस्थापन संबंधी कार्यवाही का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि वन ग्रामों का संपरिवर्तन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को राजस्व ग्रामों के समान मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं।

कलेक्टर बालागुरू ने वन खण्डों के वैज्ञानिक एवं सुनियोजित व्यवस्थापन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वन संसाधनों का संरक्षण करते हुए आजीविका के अवसर भी विकसित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि सीमा निर्धारण, अभिलेखों के आदान-प्रदान एवं तकनीकी प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने लंबित सामुदायिक वनाधिकार दावों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि वनवासियों को उनके अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक चरण के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिए कि वनाधिकार एवं सीमा निर्धारण से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख राजस्व विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, जिससे प्रक्रियाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान इछावर एसडीएम स्वाती मिश्रा सहित वन एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भोपाल से कार में आते थे चोर, कबाड़ी समेत 4 लोग गिरफ्तार, 1.50 लाख कैश भी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पुलिस ने ट्राइडेंट कंपनी के सोलर प्लांट में हुई लाखों की केबल चोरी का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने भोपाल के एक शातिर गिरोह को पकड़ा है, जो लग्जरी कार से चोरी करने आता था। मामले में मुख्य आरोपी, उसके साथी और चोरी का माल खरीदने वाले दो कबाड़ियों समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी का माल, 1.50 लाख रुपए कैश और घटना में इस्तेमाल कार भी जब्त की गई है।

**19-20 दिसंबर की रात काटा था माल :** ट्राइडेंट कंपनी के अधिकारी नितिन मल्होत्रा ने 20 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 19-20 दिसंबर की दरमियानी रात प्लांट से करीब 3000 मीटर महंगी केबल काट ली गई है। एसपी दीपक शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुदनी एसडीओपी और टीआई की टीमें बनाईं।

### भोपाल की कार ने खोला राज

यह कार भोपाल के ईंटखेड़ी निवासी साजिद खान की निकली। पुलिस ने साजिद को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल लिया। पुलिस ने उसके साथी इसरार उर्फ भूरा को भी दबोच लिया। चोरों ने यह केबल भोपाल के कबाड़ी अबरार को बेची थी। अबरार ने इसे आगे दूसरे व्यापारी तनवीर को बेच दिया। पुलिस ने अबरार के पास से 1.50 लाख रुपए नकद और तनवीर के पास से तांबे के तार व छिलके बरामद किए हैं।